# The *Reality of* Sonship

By Michael Shattuck

# पुत्रत्व की सच्चाई

द्वारा : माईकल शटक

**इस पुस्तक को कैसे पढ़ें:**

१. से प्रतिदिन पढ़ें।

२. इसे हर समय अपने मन, आत्मा और शरीर में और सभी परिस्थितियों में हर समय अंगीकार करें ।

३. मनन के लिए इन तरीकों का इस्तेमाल करें :-

- शांत हो कर बैठे या लेटें।
- वचन का अंगीकार ऊंची आवाज में करें ।
- अपने मन में इस वचन को कई बार दोहराएँ ।
- दोहराएं, दोहराएं, दोहराएं।

निश्चित परिणाम

अगर जैसे लिखा है वैसा प्रयोग में लाएं ।

# THE REALITY OF SONSHIP

A PERSONAL LIVING WORD

OF THE

NEW CREATION IN CHRIST

# पुत्रत्व की सच्चाई

मसीह में नई सृष्टि का
व्यक्तिगत जीवित वचन

All Scripture reference are from the king James Version of the Bible

सभी हिंदी लेख ''बाइबल सोसाइटी ऑफ इंडिया''
में से लिये गए है।
इस पुस्तक को दुनिया भर में १७
भिन्न-भिन्न भाषाओं में स्थानीय कलीसिया
द्वारा अनुवाद किया गया है।
यदि आप किसी विशेष भाषा में इस पुस्तिका
की खोज कर रहे हैं तो संपर्क कीजिए।

**+91 7986903227**
**joydaniel499@gmail.com**

Michael Shattuck is a co-laborer with the Holy Spirit with a base at Celebration City, Gathering in Portland, Oregon

**Email : celebration.mission@gmail.com**
**Website : www.celebrationcity.net**

Printed in India. All Rights Reserved
Published by : Celebration Church Solan
Ptd. by : Mizpah Outreach Centre
**Mobile : 9463654820**

सृष्टिकर्ता परमेश्वर जब मनुष्य, यीशु के स्वरूप में इस दुनिया में आया तो इस संसार के द्वारा उसे ना पहचाना गया और ना ही ग्रहण किया गया, यहां तक कि उसके अपने लोगों ने, इसराएल ने भी उसे ग्रहण नहीं किया। परन्तु जिन्होंने उसे ग्रहण किया, जिन्होंने उसके नाम पर विश्वास किया, उनको उसने अपनी संतान होने का बहुमूल्य अवसर दिया।

यह नया जीवन, नया जन्म किसी की इच्छा, योग्यता या मनुष्य के भले कर्मों के कारण नहीं बल्कि परमेश्वर की इच्छा और उसके जीवन के कारण है। हम उसी की इच्छा के द्वारा पुत्रत्व के इस बहुमूल्य दान को प्राप्त करते हैं।

ध्यान दें:

यीशु ने हमारे बदले में और हमारे लिए वह कार्य किया जिसके परिणामस्वरूप हम उसके साथ उचित और योग्य ठहराए जाएं, उस कार्य के द्वारा जो उसने किया है।

**रोमियों 5:8,2 कुरिं 5:14,19**

ध्यान दें :

यीशु यकीनन हमारे जैसा बना, परमेश्वर ने उसे इस रीति से देखा जैसे वो हमें देखता है। मसीह के आने से पहले हम मरणहार दशा में थे। वो हमारे लिए मर गया ताकि हमारी उसके साथ पहचान हो सके।

2 कुरिं 5:21, यशा 53:9, मत्ती 27:46

**मैं मसीह के साथ सलीब पर चढ़ाया गया**

गलातियों 2:20

मैं मसीह के साथ सलीब पर चढ़ाया गया। मेरा पुराना मनुष्यत्व उसके साथ सलीब पर चढ़ाया गया। मसीह ने मेरे पुराने मनुष्यत्व को अपने साथ लेकर सलीब पर चढ़ गया और मैं उसके साथ वहां मर

गया। मेरे पुराने मनुष्यत्व को दूर करने के लिए सलीब ही परमेश्वर का एक मात्र मार्ग था। मैं उसके साथ सलीब पर चढ़ाया गया, अब मैं जीवित न रहा। अब मेरा पुराना स्वभाव जीवित नहीं, परन्तु मसीह मुझमें जीवित है। मैं परमेश्वर के पुत्र में विश्वास रखने के द्वारा जीवित हूँ। मैं विश्वास के साथ चलता हूँ, ना कि दृष्टि के द्वारा। मेरा जीवन परमेश्वर के वचन में विश्वास और उसकी प्रभुता से संचालित है जो ये कहता है, मैं हूँ और जो वो कहता है मेरे पास मसीह में है।

**गलातियों ६:१४**

मैं मसीह के साथ सलीब पर चढ़ाया गया हूँ। उसकी सलीब के द्वारा मैं संसार के लिए और संसार मेरे लिए सलीब पर चढ़ाया गया है। बेशक मैं संसार में हूँ परंतु मैं इस संसार से नहीं हूँ। संसार मेरे ऊपर कोई प्रभुता एवं अधिकार नहीं रखता। सलीब और

उसकी शर्मिंदगी एवं बदनामी का पूर्ण अर्थ संसार की चमक-दमक और छल से अलग होना है। मैं मसीह के साथ संसार के लिए सलीब पर चढ़ाया गया हूँ।

**रोमियों 6:6**

मेरा पुराना मनुष्यत्व मसीह के साथ सलीब पर चढ़ाया गया। मेरा पुराना स्वभाव उसके साथ सलीब पर चढ़ाया गया है। मेरा पुराना व्यक्तित्व उसके साथ सलीब पर कीलों से छेदा गया है। मैं नई सृष्टि हूँ, नया व्यक्ति और नया मनुष्य हूँ। मेरा पापमय स्वभाव मुझसे दूर किया गया है। अब मैं पाप का गुलाम ना रहा। मेरा शरीर अब पाप का उपकरण नहीं है। मेरा शरीर बुराई के लिए और दुष्टता के कामों के लिए निष्क्रिय और नपुंशक किया गया है। मैं पाप का गुलाम नहीं रहा। पाप का बंधन मेरे ऊपर से टूट गए हैं। मेरा पुराना स्वभाव, मनुष्यत्व, व्यक्तित्व मसीह

के साथ सलीब पर चढ़ाया गया है। मुझे मालूम है और मैं इस बात को जानता हूँ कि मेरा पुराना स्वभाव (आपका नाम) मसीह के साथ सलीब पर चढ़ाया गया है।

**मैं मसीह के साथ मर गया**

**रोमियों 6:8**

मेरा पुराना मनुष्यत्व उसके साथ मर गया है। मैं उसकी मृत्यु में सहभागी हूँ। उसकी मृत्यु मेरी मृत्यु थी। मेरा पुराना स्वभाव उसके साथ मर गया है। मैं उसके साथ संसार, पाप और बीमारियों के लिए मर गया हूँ। अब मैं उसके जीवन में सहभागी हूँ। मैं मसीह के साथ मर गया हूँ।

**कुलुसियों 2:20**

मैं मसीह के साथ मर गया हूँ। संसार की ओर देखने का नज़रिया उसके साथ अब मर चुका है। मैंने

दुनियावी सिद्धांतों से अपने आप को अलग कर लिया है। अब मैं संसार के चलाए नहीं चलता। अब मैं संसार के अधिकार के अधीन नहीं हूँ। मैं मसीह के साथ मर गया हूँ। मैं उसके साथ मर गया, उस व्यवस्था के श्राप के लिए जो उसने मेरे लिए सह लिया। बीमारी और गरीबी के लिए मर गया हूँ।

**कुलुसियों 3:3**

मैं मर चुका हूँ और मेरा जीवन परमेश्वर में मसीह के साथ छिपा हुआ है। मैं मसीह के साथ संसार और सांसारिक चीजों के लिए मर गया हूँ। मेरी सांसारिक इच्छाएं मसीह के साथ मर चुकी हैं। मेरा वास्तविक जीवन, असली व्यक्तित्व मसीह के साथ परमेश्वर में छिपा हुआ है। मैं मसीह के साथ परमेश्वर के रहस्यमय जीवन में प्रवेश कर गया हूँ। परमेश्वर के साथ मसीही एकता में मेरा नया मनुष्यत्व सांसारिक

दृष्टि से छिपाया गया है।

**रोमियों 6:10, 11**

उन सभी चीजों के लिए जिनके लिए मसीह मरा, मैं भी मर गया हूँ। जैसे मसीह एक ही बार सबके लिए पाप के विस्तार में से होकर गुजरा और मर गया, उसी रीति से मैं भी अपने आप को पाप के प्रति मरा हुआ समझता हूँ। मैं अपने आप को देखता हूँ, और अपने विषय में सोचता हूँ, मैं अपने आप को वास्तव में पाप की सामर्थ्य के लिए मरा हुआ देखता हूँ।

यीशु बीमारी के लिए और पाप के लिए भी मर गया क्यों जो मैं भी उसके साथ मर गया हूँ, मैं भी पाप और बीमारी के लिए मर गया। अब परमेश्वर का जीवन मुझमें है। मेरा जीवन मसीह के जीवन में पूरी तरह से मिला हुआ है। मैं परमेश्वर की सेवा करने के लिए मसीह की सहभागिता में पूर्ण तौर पर

जीवित हूँ। मैं धार्मिकता के लिए जीवित हूँ। मैं शारीरिक स्वस्थ जीवन के लिए जीवित हूँ।

**मैं मसीह के साथ दफनाया गया**

**रोमियों 6:4–5**

वो व्यक्तित्व जो मुझमें पहले था मसीह के साथ कब्र में दफनाया गया। कब्र में उसके साथ मेरी बीमारियां और मेरे बंधन दफनाए गए हैं। जैसे वह पिता की महिमामय सामर्थ्य के द्वारा मृतकों में से जीवित उठाया गया, मैं उसके अद्भुत जीवन में अधिकार के साथ चलता हूँ। वह जीवन अब मुझमें है और मुझे नियंत्रण करता है। अब मैं नए संसार में उस जीवन के द्वारा चलाया चलता हूँ। उसके जी उठने का जीवन अब मुझमें वास करता है। वह जीवन जिसने उसे नर्क और शैतान के ऊपर जय पाने

में सहायता किया वही जीवन अब मुझमें है। मैं उन सब बातों से पूर्ण तौर पर मुक्त हूँ, जो वो मेरे लिए बना और जो उसने मेरे लिए सहा, जिसमें पाप, बीमारी, गरीबी और बंधन शामिल है। मैं उसमें एक हिस्सा बन चुका हूँ क्योंकि मैं उसके साथ मरा और उसके साथ दफनाया गया और अब उसके जी उठने के द्वारा मैं उसके जी उठे जीवन में सहभागी हूँ।

**कुलुसियों 2:12**

पानी का बपतिस्मा मेरी उसके साथ उसके दफनाए जाने में और जी उठने में पहचान को दर्शाता है। मैं उसके साथ दफनाया गया। मैं उसके साथ जी उठा हूँ। मेरा भूतकाल उसके साथ दफनाया गया। मेरी बीमारियां उसके साथ दफनाई गई। मेरी असफलताएं और मेरे बंधन उसके साथ दफनाए गए। अब मुझमें नया जी उठा विजयी जीवन वास करता है। मैं उसकी जी उठने की सामर्थ्य में सहभागी हूँ।

## मैं मसीह के साथ जीवित किया गया

## कुलुसियों 2:13

मैं मसीह के साथ जीवित किया गया हूँ। पिता ने हमें एक साथ जीवित किया उसके जी उठने की सामर्थ्य अब मुझमें है। परमेश्वर ने जिस जीवन से यीशु को मृतकों में से जिलाया और उठाया उसी से उसने मुझे भी उठाया है। मैं उसके जीवन से भरपूर हूँ।

## इफिसियों 2:5

मसीह को जीवन समर्पण करने के द्वारा, परमेश्वर ने मुझे जीवन दिया है क्योंकि मेरी पहचान मसीह के साथ हो चुकी है। परमेश्वर ने मुझे मरा हुआ, दफनाया हुआ और मुझे पुनर्जिवित होते हुए देखा है। मैं मसीह के साथ जीवित किया गया हूँ। वही जीवन अब मुझमें श्वास ले रहा है। परमेश्वर ने मुझे स्वयं मसीह का जीवन दिया है। वे जीवन जिसके द्वारा

उसने यीशु को उठाया। वही जीवन जिसने यीशु को अंधकार की शक्तियों पर प्रभुता दिलाई।

**मैं मसीह के साथ विजयी बना**

**कुलुसियों 2:15**

उसकी जीत मेरी जीत थी, क्योंकि मैं उसके साथ पहचाना जाता हूँ। वे अंधकार की ताकतों के ऊपर मेरे लिए विजयी हुआ। उसने उनपर अद्भुत रीति से जय पाई। उसकी शानदार जीत मेरी जीत थी। मैं उसकी जय में सहभागी हूँ। जहां तक मैं समझता हूँ शैतान एक हारा हुआ शत्रू है। मसीह की जय मेरी जय है। शैतान का प्रभाव मेरे ऊपर से खत्म हो चुका है।

**इब्रानियों 2:14**

मसीह की विजय के कारण शैतान ने मेरे सामने अपने आपको शक्तिहीन करके समर्पण कर दिया है। उसे शक्तिहीन किया गया, अपाहिज, कुचला हुआ, निकम्मा करके फेका गया है। मैं मसीह के साथ विजयी हूँ। मसीह की जय मेरी जय है क्योंकि मैं उसके साथ जीवित करके उठाया गया हूँ।

## मैं उसके साथ जी उठा

**कुलुसियों 3:1**

मैं मसीह के साथ जिलाया गया ताकि मैं स्वर्गीय वस्तुओं का आनन्द ले सकू, यहां मसीह पिता के दाहिने हाथ बैठा है। स्वर्गीय खजाने अब मेरे हैं कि मैं उनका आनंद ले सकू। मसीह में परमेश्वर की सब वस्तुएं अब मेरी हैं। मैं मसीह के साथ उठाया गया हूँ। मैं उसके महिमामय जी उठने में सहभागी हूँ।

इफ़िसियों 1:19-21

वही सामर्थ्य जिसने यीशु को मरे हुओं में से जिलाया, मुझमें कार्य करती है। उसकी जी उठने की सामर्थ्य, महान, असीमित, असीम, आश्चर्यजनक और अद्भुत है। उसके जी उठने की सामर्थ्य मुझमें कार्य कर रही है क्योंकि मैं यीशु के साथ जी उठा हूँ। मैं उसके जी उठने का लाभ उठा रहा हूँ। मैं मसीह के साथ उठाया गया हूँ।

**मैं मसीह के साथ बैठाया गया हूँ**

**इफिसियों** 1:19-21, 2:6, **लूका** 10:19

मैं मसीह के साथ जी उठा हूँ। वे सामर्थ्य जिसने उसे सारी मानवता के शत्रुओं पर जयवंत किया और उसे ऊँचे स्थानों पर बैठाया, मुझे भी उठाया है। मैं उसके साथ स्वर्गीय स्थानों में बैठाया गया हूँ। मैं उसके सिंहासन के अधिकार में सहभागी हूँ। मैं उसके साथ

पाप, बीमारी, गरीबी, शैतान इन सब पर अधिकार रखता हूँ। जो कुछ उसके पैरों तले है, वे मेरे पैरों तले है क्योंकि मैं उसके साथ बैठाया गया हूँ। सारी प्रधानताएं, शक्तियां और अंधकार के प्रभाव मेरे पाँव तले है। बीमारी और गरीबी मेरे पाँव तले है। शैतान मेरे पैरों तले है। मेरे पास सांपों और बिच्छुओं को कुचलने का अधिकार दिया गया है। मुझे शत्रुओं की सारी सामर्थ्य पर अधिकार दिया गया है।

**अनंत जीवन**

यीशु के आने का उद्देश्य तथा छुटकारे की योजना का मुख्य उद्देश्य

**यूहन्ना** 6:33,10:10, 1**यूहन्ना** 1:1–2,4:9

यीशु में जीवन प्रगट हुआ। वह जीवन दाता है। पिता द्वारा पुत्र को भेजने का उद्देश्य मुझे जीवन देना था। स्वर्ग से नीचे आने का उद्देश्य यीशु द्वारा मुझे

जीवन दिया जाना था, ईश्वरीय जीवन, अनंतकाल का जीवन। अब मुझमें वह जीवन है।

**रोमियों 5:18,21**

आदम का पाप संसार में आत्मिक मृत्यु को लेकर आया, परन्तु यीशु की धार्मिकता ने अनंतकाल के जीवन के मार्ग को खोल दिया। परमेश्वर का मुख्य उद्देश्य मसीह में मुझे जीवन देना और मुझे धर्मी बनाना था। मसीह के छुटकारे के कार्य ने मुझे आजाद किया और मुझे जीवन दिया है। मैं परमेश्वर के साथ उचित ठहराया गया हूँ, और मुझमें अनंत काल का जीवन दिया गया है। परमेश्वर का अनंत जीवन अब यीशु मसीह में मेरा है।

**यूहन्ना 3:14–16,6:51, 1 थिस्स 5:10**

यीशु ने अपना लहू मेरे लिए बहाया और अपनी जान दी इसका कारण वे मुझे जीवन देना चाहता है। उसने

मेरे पापों की सजा चुका दी है। अब मैं धर्मी बनाया गया हूँ और मेरे पास जीवन है। पिता ने मुझे स्वर्ग से यह जीवन दिया है। अब वह जीवन मुझमें है। अब मेरे पास ईश्वरीय और स्वर्गीय जीवन है।

अनंतकाल का जीवन परमेश्वर का जीवन और

स्वभाव है।

यूहन्ना 1:4,5:26

परमेश्वर आत्मा है। उसमें जीवन वास करता है। ये आत्मिक, अनंतकाल का जीवन है। यीशु के पास उसी प्रकार का जीवन था। मैं आत्मा हूँ। मैने उसी प्रकार का जीवन प्राप्त किया है। मैं परमेश्वर से जन्मा हूँ और अब परमेश्वर का जीवन मुझमें है। मुझमें वे जीवन है जो अनंत काल से मौजूद है और जो स्व अस्तित्व है, जो कहता है, मै हूँ।

इफिसियों 4:17–18, 2 पतरस 1:4

अनंत जीवन परमेश्वर का जीवन है, ये ईश्वरीय स्वभाव है। मुझमें परमेश्वर का स्वभाव और जीवन है। मैं उसके ईश्वरीय स्वभाव में सहभागी हूँ, मैं उस आत्मिक मृत्यु से बचाया गया हूँ जो पाप के कारण इस संसार में आई। परमेश्वरका स्वयं का जीवन मुझमें है। मैं उसके साथ उसके निजी अस्तित्व में सहभागी हूँ क्योंकि मुझमें उसका जीवन है।

## मुझ में अनंत जीवन है

**यूहन्ना 3:3-6**

वास्तव में मेरा आत्मा ही मेरा असल व्यक्तित्व है जो मेरे शरीर में वास करता है। यीशु ने आत्मा को एक मनुष्य के रूप में संबोधित किया। मैं आत्मा हूँ। यीशु के द्वारा मैं परमेश्वर से जन्मा हूँ। परमेश्वर मुझे पिता के रूप में मिले हैं। मैने नया जीवन प्राप्त किया है जो ऊपर की ओर से है। परमेश्वर का जीवन मुझमें

दिया गया है। मैने परमेश्वर के स्वभाव और उसके जीवन से, ऊपर से नया जन्म प्राप्त किया है। परमेश्वर के जीवन और उसके स्वभाव से जीवित हूँ। मैं पिता के परिवार में हूँ।

**इब्रानियों** 12:9

जो जीवन मुझमें है, पिता ने मुझे दिया है। मुझमें उसका जीवन है। मुझे अनंत पिता दिया गया है। परमेश्वर मेरा पिता है, मेरे अपने पिता और मैं उसका पुत्र हूँ। उसका स्वभाव मेरे अंदर है।

**1 पतरस** 1:23

मेरा नया जन्म परमेश्वर की ओर से उसके वचन के द्वारा मुझे दिया गया है। उसके जीवन की भरपूरी में होते हुए, परमेश्वर का वचन मुझमें भरपूरी से वास करता है। मैं परमेश्वर का लेपालक संतान हूँ जो मुझे जीवन देता है अपने वचन के द्वारा। मुझमें परमेश्वर

का स्वभाव और जीवन है। मैने जीवन के अविनाशी वचन के द्वारा आत्मा में एक नए जन्म को प्राप्त किया है। अब मैं परमेश्वर का पुत्र हूँ। परमेश्वर ने मुझे अपना अविनाशी बीज दिया है। मुझे जीवित पिता के अविनाशी वचन के द्वारा नया जन्म मिला है।

**इफिसियों 2:1, यूहन्ना 5:24**

मैं पाप और बुराई में मरा हुआ था। मृत्यु ने मुझे जकड़ा हुआ था। परंतु परमेश्वर ने मुझे जीवित किया है। मैं मृत्यु में से होकर जीवन में प्रवेश कर चुका हूँ। अब मेरे पास अनंत काल का जीवन है। मैं उस अनंतकाल के जीवन का आनंद उठा रहा हूँ। मैंने मृत्यु की सीमा को पार करके जीवन में प्रवेश कर लिया है। मैं मृत्यु की वादी से जीवन की वादी की ओर चला जा रहा हूँ।

**रोमियों 8:2, 10**

मैं जीवन से भरा हूँ। मैं जीवन का आनंद ले रहा हूँ। परमेश्वर का जीवन, स्वर्गीय जीवन जो यीशु मसीह में था अब मुझमें वास करता है। उस जीवन ने मुझे पाप और मृत्यु से आजाद किया है। पुराना स्वभाव मुझे छोड़ गया है और नया स्वभाव मुझमें आ चुका है जिसने मुझे आजाद किया है। यीशु मसीह ने पुरानी व्यवस्था, पुराना सिद्धांत, पुरानी दशा और मृत्यु और पाप के पुराने स्वभाव को मुझमें से हटा दिया है। परमेश्वर की धार्मिकता, परमेश्वर का जीवन मेरे अंदर दिया गया है। परमेश्वर का जीवन अब मुझमें स्वास लेता है और अब मैं एक नया व्यक्ति हूँ।

**अनंत जीवन कैसे दिया गया**

**2 तिमोथियुस 1:10, इब्रा 2:9**

यीशु ने अपने आत्मा में मेरे लिए उस मृत्यु को चख कर मेरे पुराने स्वभाव और आत्मिक मृत्यु का अन्त कर दिया है। उसने मेरे पुराने स्वभाव को धो डाला है। अब उसका जीवन मुझमें है। मैं मृत्यु से निकलकर जीवन में आ चुका हूँ।

**प्रेरितों के काम 2:24, 27, 28**

यीशु आत्मा में मेरी जगह मर गया। वह आत्मा में दुबारा जिलाया गया जब उसने मेरे पाप के लिए उचित मूल्य को अदा किया। मेरा पुराना स्वभाव, आत्मिक मृत्यु मुझसे दूर किया गया और मुझे मसीह में नया जीवन प्रदान किया गया। परमेश्वर ने मसीह के व्यक्तित्व में मुझे जीवन दिया है। यीशु ने मेरे पापों की सजा चुकाने और मेरी मृत्यु को अपने ऊपर लेने के द्वारा इस जीवन को जीत लिया है। अब वे जीवन मुझमें है।

**1 पतरस 3:18, कुलुसियों 1:18, प्रकाशित वाक्य 1:5, प्रेरितों 13:32-34**

यीशु शारीरिक रूप में जीवित होने से पहले, आत्मिक रूप में जिलाए गए। परमेश्वर ने उसे अपनी आत्मा में जीवन दिया। यीशु प्रथम था जो पुनर्जिवित हुआ। उसने मेरे लिए मृत्यु को चखा। वो मेरे लिए जीवित किया गया। उसने मेरा प्रतिनिधित्व किया। परमेश्वर ने जो जीवन उसके पुत्र को दिया था उसी के माध्यम से मुझे अनंतकाल का जीवन दिया गया। उसने मेरे पुराने स्वभाव और मेरी आत्मिक मृत्यु को सह लिया। उसने मेरे पापों की सजा का दुख उठाया ताकि हम धर्मी बन सकें और आत्मिक जीवन ग्रहण कर सकें। उसने मेरे लिए उस जीवन को उपलब्ध कराया और वे जीवन जो उसमें हैं अब मुझमें है।

**कुलुसियों 2:15, प्रकाशितवाक्य 1:18, रोमियों**

8:37–39

वे जीवन जिसने यीशु मसीह के द्वारा दुष्ट आत्माओं और नर्क के ऊपर विजय दिलाई, वही जीवन मेरे पास है। मैं उस जीवन को लेने वाला हूँ। मैं जान चुका हूँ और मैने यह निष्कर्ष निकाला है कि कोई मुझे हरा नहीं सकता। मैं विजयी से भी बढ़कर हूँ। मैं इसलिए विजयी से बढ़कर हूँ क्योंकि उसी जीवन जिसके द्वारा यीशु ने नर्क पर विजय पाई, वो मुझमें है। उसका जीवन मुझमें है जिसके द्वारा मुझे बहुतायत की जीत प्राप्त हुई है।

**इफिसियों** 2:5, **कुलुसियों** 2:13

परमेश्वर ने यीशु और मुझे एक साथ जीवित किया है। मेरी पहचान उसके जी उठने और उसके विजयी घोषणा के साथ हो चुकी है। मैं उसके साथ विजयी हूँ जब उसने शैतान को उसके अधिकारों से

निस्काशित किया मैं उस जीवन से भरपूर हूँ जिसने यीशु को नर्क के ऊपर प्रभुता दी। परमेश्वर ने जो जीवन मसीह में फूका था वही मुझमें दिया है। मैं मसीह के साथ उस नये जीवन में सहभागी हूँ जिसने उसे मरे हुओं में से उठाया। उसका जी उठना, विजयी जीवन अब मुझमें है।

**रोमियों 6:4**

मैं मसीह के साथ दफनाया गया और जिस रीति से पिता की महिमा के द्वारा वे उठाया गया अब मैं उस जीवन में अधिकार रखता हूँ। अब मैं अपने जीवन को नये स्वभाव, नये नियम के साथ चलाता हूँ। मसीह का जी उठा हुआ जीवन अब मुझमें है। मुझे ये अद्भुत जीवन आनंद उठाने के लिए दिया गया है। अब मुझमें पवित्रता का जीवन वास करता है। वो जीवन जो भीतर से अपना प्रभाव रखता है।

## रोमियों 6:5

मैं उसके जी उठने में मसीह के साथ शामिल हूँ। मैं उसमें सहभागी हूँ। उसके साथ मृत्यु में शामिल होने के द्वारा मैं उसका अंग हूँ। उसकी मृत्यु और उसके जी उठने में सहभागी होने के द्वारा मैं उसके स्वभाव में शामिल हूँ। उसका जी उठा हुआ नया जीवन अब मुझमें वास करता है। मैं उसके जी उठे जीवन के बगीचे में एक पौधे की तरह सींचा गया हूँ जिसके कारण मैं बहुतायत से फलदायक हूँ।

## रोमियों 6:8

मैं, मेरा पुराना आत्मिक स्वभाव मसीह के साथ मर चुका है और अब मैं अपने नए आत्मिक स्वभाव में उसके नए जीवन में सहभागी हूँ। मैं नये जीवन के साथ जीवित हूँ जब वे आत्मा में जिलाया गया तब ये मुझे प्राप्त हुआ है। मैं मसीह के जी उठे जीवन में

सहभागी हूँ। वे जीवन जिसने उसे नर्क के ऊपर प्रभुता दी वो अब मेरा है।

यीशु के साथ मरने से मैं पाप, बीमारी, शैतान पर विजय पा चुका हूँ मैं मर गया हूँ अब सब के लिए जिसके लिए यीशु मर गया, मैं जीवित हूँ उस सब के लिए जिसके लिए वह जीवित है, क्योंकि मुझ में उसका जीवन है मैं परमेश्वर जो वह है, और जो उस में है, के लिए जीवित हूँ मसीह के जीवन में मेरा जीवन सुरक्षित है। मसीह के जी उठने का जीवन जिससे उसने पाप, बीमारी और शैतान पर विजय पाई है, अब मुझ में है।

**अनन्त जीवन में मेरी आत्मिक भूख को तृप्त किया**

**यूहन्ना** 4:14

मेरे पास अनन्त जीवन का सोता मेरे अंदर बह रहा है

यह सोता मुझे अनन्त जीवन से भरता है स्वर्गीय में से उमड़ रहा है और मुझे ताजगी दे है यह मेरी सत्य की प्यास को बढ़ाता है। यह मेरे अंदरूनी हिस्सों को सन्तुष्ट करता है, क्योंकि यह स्वयं परमेश्वर का जीवन है। यह परमेश्वर में है, वह उसके जीवन में है, परमेश्वर स्वयं मुझे संतुष्ट करता है।

**यूहन्ना 6:35**

यीशु मेरा प्रभु जीवन की रोटी है मेरे पास वो है, मेरे पास जीवन है, यह जीवन मेरी आत्मिक भूख को सन्तुष्ट करता है, यह मेरे अंदर की गहराईयों को भरता और उत्साहित करता है। मेरे पास स्वर्गीय जीवन लगातार आता रहता है और मेरे पास स्वर्गीय आशीष, स्वर्गीय आनन्द और स्वर्गीय सन्तुष्टि लाता है। परमेश्वर मुझे खुद भरता है।

**यूहन्ना 7:38**

जीवन देने का झरना मुझमें मेरे अंदर से बहता है, मेरे अंदर की गहराईयों से वह जीवन बहता है, जीवन जल की बाढ़ मेरे अंदर, मेरे हृदय से वेग की तरह बहती रहती है और मेरे सारे मनुष्यत्व को जीवन देती है और मेरे आस–पास सब को प्रभावित करती है, मेरे हृदय से जीवन जल का झरना बहता है।

**प्रकाश 21:6,22:1,17**

मैं जीवन जल को अपनी भरपूरी में से मुफ्त में पी सकता हूँ। मैं उस पानी को मुफ्त में पीता हूँ जो स्वर्गीय सिंहासन से आता है, पानी जो साफ, स्वच्छ है यह जीवन मुझ में उड़ेला जाता है और स्वर्ग से मेरे पास लाता है। यह मुझे ऊर्जा देता है और मुझमें स्वर्गीय जीवन मुझमें से बहता रहता है और स्वर्गीय आशीष, स्वर्गीय आनन्द और स्वर्गीय वाचाएं लाता

है। मैं उस जीवन से भरपूरी से संतुष्ट हूँ जो मेरे अंदर बहता है। मैं स्वर्गीय आशीषों का स्रोत हूँ।

**अनन्त जीवन को ग्रहण करने से मैं शैतान की हुकूमत से आजाद हूँ**

1 यूहन्ना 3:14–15, इब्रानीयों 2:14

मैं जानता हूँ कि मैं मृत्यु से जीवन में आ गया हूँ। मैं मृत्यु से जीवन में शामिल कर दिया गया हूँ। मैं मृत्यु मैं से गुजर कर जीवन में पहुंचा हूँ और शैतान की से हकूमत से निकल चुका हूँ। मैं मृत्यु के क्षेत्र में अधिकार करता हूँ। मैं मृत्यु से जीवन में आ गया हूँ। मैं उसके अधिकार से निकल आया हूँ। शैतान ने मेरे जीवन में सामर्थ हीनता का समर्पण कर दिया है। उसके पास कोई सामर्थ नहीं है मैं अनंत जीवन ग्रहण करने के कारण शैतान के अधिकार से छुड़ाया गया हूँ।

प्रेरितों के काम 26:18

यीशु जीवन का प्रभु है वह उन सब का प्रभु है जिन्होंने अनन्त जीवन पाया है मैं मृत्यु से जीवन में आ गया हूँ। मैं उस क्षेत्र से जहां शैतान प्रभुता करता है निकल आया हूँ। प्रभु यीशु के राज्य/क्षेत्र में मैं शैतान की विरासत से प्रभु के राज्य में निकल आया हूँ। आत्मिक मृत्यु ने मुझे शैतान की विरासत में डाल दिया था अब मैनें मृत्यु का क्षेत्र छोड़ दिया है और प्रभु यीशु के क्षेत्र में आ गया हूँ।

**कुलुसियों 1:13-14**

मैं अंधकार के बंधन से छुड़ाया गया हूँ और परमेश्वर के पुत्र के राज्य में शामिल किया गया हूँ मैं शैतान के राज्य से निकल आया हूँ। मैं पुत्र के राज्य में शामिल हो गया हूँ। मैं अंधकार की ताकतों के कार्यों से आजाद किया गया हूँ । जब मैने अनन्त

जीवन ग्रहण किया तो शैतान के राज्य से निकल कर परमेश्वर के पुत्र के राज्य के नए संसार में शामिल हुआ उसमें मेरा छुटकारा है, मेरे पास मुक्ति है।

मैं स्वतंत्र हूँ शैतान की गुलामी से जैसे इस्राएली लाल समुद्र को पार करते ही फिरोन की गुलामी से आजाद हुए थे। शैतान ने मेरे ऊपर, मेरे मन, मेरा पैसा, शरीर से अपनी हकूमत खो दी है।

## रोमियों 5:17

मैं मसीह के नये जीवन में राजा हूँ। मैं जीवन के क्षेत्र में राजा की तरह राज्य करता हूँ। आत्मिक मृत्यु ने मुझे शैतान के पास पहुंचा दिया था। जीवन ने मुझे उसकी गुलामी से आजाद कर दिया है। अनन्त जीवन ने मुझे ऊँचा उठाया है। यह मुझे एक राजा बनाता है। मैं शैतान पर राज्य करता हूँ। मैं बीमारी पर राज्य करता हूँ। मैं पाप, गरीबी और हालातों पर राज्य

करता हूँ । मैं यीशु मसीह के द्वारा बहुतायत से राज्य करता हूँ ।

**अनन्त जीवन मुझे यीशु के साथ एकता में लाता है।**

1 **यूहन्ना** 5:11–13

परमेश्वर ने मुझे अनन्त जीवन दिया है। वह मेरे अंदर दिया गया है जो जीवन पुत्र में है वह जीवन मुझमें है। मेरे पास जीवन है। मैं मानता हूँ, मुझे भरोसा है और मैं जानता हूँ कि अनन्त जीवन मेरे अंदर है। परमेश्वर ने मुझे जीवन दिया है वही जीवन जो पुत्र में है, मेरे पास वह जीवन मुझमें है। मैं अनन्त जीवन की ओर बढ़ रहा हूँ।

**यूहन्ना** 6:53–57

मैंने उसका शरीर खाया है, मैंने उसका लहू पीया है।

वह मेरे लिए मरा, मेरे पास जीवन है। मैं अनन्त जीवन की ओर बढ़ रहा हूँ। मैं उसके साथ एकता मे हूँ और वह मेरे साथ। अनन्त जीवन मुझे उसके साथ एकता में लाता है। वह जीवन जो उसमें हैं अब मुझमें है। वह जीवन हमें एक करता है, जैसे यीशु ने पिता से वह जीवन पाया उसकी एकता में बन कर, वैसे ही मैने यीशु से वह जीवन पाया उसकी एकता में बन कर मैं मसीह से जीवन को प्राप्त कर रहा हूँ। मैं उसकी एकता में हूँ।

**यूहन्ना** 14:19-20

क्योंकि उसके पास जीवन है, मेरे पास भी जीवन है। उसके पास जीवन उसके अंदर है। वह जीवन मेरे पास है। यीशु और मैं एक जीवन के सहभागी हैं। मैं जानता हूँ कि मैं उसकी एकता में हूँ और वह मेरी एकता में हैं, हम एक हैं, वह एक आत्मा है। उसके पास जीवन है मैं भी आत्मा हूँ और मुझमें भी जीवन

है मैं उसके साथ एकता में हूँ और वह मेरे साथ एकता में है।

**यूहन्ना 15:4–5**

मेरे पास खुद यीशु का जीवन है। मैं और यीशु उस जीवन के सहभागी हैं। मैं उसके साथ एकता में हूँ। मैं परमेश्वर के पुत्र की जीवित सहभागिता में हूँ। जैसे डाली एकता में है दाखलता के साथ। वह दाखलता है, मैं डाली हूँ जैसे दाखलता का जीवन डाली में से फलता है वैसे ही उसका जीवन परमेश्वर का जीवन। वह ईश्वरीय स्वभाव मुझमें और मेरे द्वारा बहता है। मुझे मेरा जीवन उससे मिलता है। मैं उसके जीवन में सहभागी हूँ। वह जीवन जो मुझे फलवंत करता है वह मसीह को मुझमें बढ़ाता है। मसीह मुझसे बढ़ रहा है। यीशु और मैं एक साथ बढ़ रहे हैं। जो कुछ भी दाखलता में है डालियों से होकर फलता है। जो कुछ उसमें है वह

मुझमें से होकर बहता है। जो वह है, उससे उसका सारा जीवन भरा हुआ है जो कुछ उसमें है, मुझमें भी है। वह जो कुछ भी दाखलता में है, मैं उससे भरा हुआ हूँ। मसीह मुझमें है मैं परमेश्वरत्व की सहभागिता से भरा हूँ।

मैं उसके साथ एकता में हूँ जिसके पास सारा ज्ञान और बुद्धि है, मैं ब्रह्माण्ड के रचने और संभलने की एकता में हूँ। मैं सारे अधिकार और सामर्थ के महान प्रभु की एकता में हूँ। मैं मसीह की एकता में हूँ ।

परमेश्वर के जीवन ने मेरी बुद्धि को बढ़ाया और मेरे व्यक्तित्व में वृद्धि की है।

**यूहन्ना 1:4,8:12**

परमेश्वर का जीवन प्रकाश देता है। यह जीवन मुझमें मेरी बुद्धि को बढ़ाता है। मेरे मन में मेरी आत्मा से प्रकाश गुजर रहा है और यह अंधकार के

ज्ञान से बंधा नहीं है मेरा मन आत्मा के चलाया चल रहा है। मेरे मन पर आत्मा का प्रभाव है। परमेश्वर का जीवन मेरे मन को प्रकाशित करता है। मैं अंधकार में नहीं चलता, मेरा मन और व्यक्तित्व, परमेश्वर के जीवन द्वारा जो मुझमें है, दासत्व से छुड़ाए गए हैं। वह जीवन, मसीह का जीवन मेरे प्राण को मसीह की सारी सम्पूर्णता और व्यक्तित्व से भरता है। मसीह की सम्पूर्णता और व्यक्तित्व मेरे अंदर बने रहते हैं। उसका जीवन मेरे अंदर है। परमेश्वर की समझ मुझमें अधिकार को पा रही है। यीशु मसीह का व्यक्तित्व मुझमें बन रहा है। मैं अंधकार में नहीं चल रहा, क्योंकि प्रभु यीशु का जीवन मुझमें कार्य कर रहा है।

**परमेश्वर का जीवन मुझमें से पाप, बीमारी और शैतान को हटाता है।**

1 यूहन्ना 3:9

मेरे पास परमेश्वर का स्वभाव है। वह ईश्वरीय जीवन मेरे पास है और मुझ पर नियंत्रण करता है। मैं अपने पिता का स्वभाव और उसकी विरासत संभाले हुए हूँ। वह जीवन पाप पर विजय पा चुका है और अब मैं पाप नहीं करता। अब मैं पाप की व्यवस्था से आजाद हूँ, क्योंकि परमेश्वर का जीवन मुझमें है और मुझपर नियंत्रण करता है।

## 1 यूहन्ना 5:4

मैं परमेश्वर में पैदा हुआ हूँ। वह जीवन जो परमेश्वर में है, मुझमें है। मैने संसार पर विजय प्राप्त की है। मुझमें परमेश्वर का जीवन हमेशा मेरे बाहरी, सांसारिक रूप पर विजय पाता है। मैंने सांसारिक चीजों जैसे पाप, बीमारी और शैतान पर शानदार जीत हासिल की है। मैं अच्छी तरह संसार पर जीत हासिल कर चुका हूँ क्योंकि मैं परमेश्वर में पैदा हुआ हूँ और उसका जीवन मुझमें है।

**यूहन्ना 5:18**

मैने नया जीवन परमेश्वर से ग्रहण किया है। मुझे परमेश्वर पिता मिल गया है। परमेश्वर के पुत्र का दैवीय जीवन मुझे संभालता है। शैतान मुझे पकड़ नहीं सकता। वह मुझे बांध नहीं सकता। परमेश्वर का जीवन जो मुझमें से फैल रहा है मुझे महिमा से भर रहा है। यह शैतान और बीमारी को चुम्बकीय ढंग से हटाता है। परमेश्वर का जीवन मुझमें से फैल रहा है और पाप, बीमारी और शैतान को दूर हटा रहा है।

**रोमियों 8:11**

परमेश्वर की आत्मा ने मुझ में और मेरे शरीर में फैलता है। परमेश्वर का जीवन मुझमें से मेरे शरीर में बहता है और मुझे ताजगी देता है और बीमारी से आजाद रखता है। परमेश्वर का जीवन यहोवा राफा,

दैवीय (वैद्य) डॉक्टर में है। परमेश्वर का जीवन मुझमें कार्य कर रहा है और बीमारियों को मेरे शरीर से हटा और मार रहा है। परमेश्वर का आत्मा मेरे प्राण और शरीर में परमेश्वर के जीवन को ला रहा है। वह मेरे पूरे मनुष्यत्व को सामर्थ और स्फूर्ति देता है। परमेश्वर का आत्मा मुझमें से बहता है और मुझे और मेरे शरीर को नये जीवन से भरता है।

**रोमियों 5:10**

मैं बचाया गया हूँ, चंगा किया गया, संभाला गया, छुड़ाया गया और मुझमें मसीह का जीवन है। वह जीवन मुझे पाप के प्रभुत्व, बीमारी के प्रभुत्व, बीमारी के प्रभुत्व और शैतान के प्रभुत्व से आजाद करता है। परमेश्वर का जीवन मुझमें से पाप, बीमारी और शैतान को हटाता है। मैं उसका जीवन जो मुझमें है, उससे बचाया गया हूँ। हर रोज पाप और बीमारी के प्रभुत्व से छुड़ाया जाता हूँ, उसके जी उठने के जीवन जो मुझमें है,

उसके द्वारा।

**अनन्त जीवन मुझमें बढ़ता और विकसित हो रहा है।**

**यूहन्ना** 6:33,68

उसका वचन मुझमें ज्यादा और ज्यादा जीवन ला रहा है। उसका वचन जीवन से भरपूर है। उसके वचन मेरे अंदर से मुझे छेदते हैं और मुझमें जीवन भरते हैं। मैं प्रभु के वचन द्वारा, जीवन से भरा जा रहा हूँ, जो अब मुझमें जा रहा है।

**इब्रानीयों** 4:12

परमेश्वर का वचन ऊर्जा के साथ जीवित है यह एक जीवित, तेज सामर्थ और ऊर्जा से भरपूर है । यह जीवन और सामर्थ से भरा है। परमेश्वर का वचन परमेश्वर के जीवन से भरपूर है। परमेश्वर का वचन, परमेश्वर के जीवन को मुझमें उन्नत कर रहा है।

परमेश्वर का वचन तीखा और चोखा है और मुझमें मेरे अंदर जीवन ला रहा है। यह मेरे गांठ–गांठ और गुदे–गुदे को छेदता है और मुझमें जीवन और सामर्थ लाता है।

**गलातियों ६:८**

जितना मैं प्रभु के वचन को अपने अंदर बोता हूँ उतना ही ज्यादा से ज्यादा मैं परमेश्वर के जीवन की कटनी अपने बाहर काटता हूँ। परमेश्वर का वचन उसकी सामर्थ और जीवन से भरा है। मैं उसके जीवन और ऊर्जा से भरा हूँ। परमेश्वर के वचन में उसका जीवन और ऊर्जा शामिल है। यह मुझमें बहुतायत से धड़कता है। परमेश्वर का वचन मुझे अंदरूनी रूप से मुझे छेदता है और वहां जीवन के साथ फैलता है। परमेश्वर का जीवन मेरे अंदर से बाहर फैलता है।

**यूहन्ना 10:10**

मुझमें अनन्त जीवन है। मेरे पास यह बहुतायत से है। बहुतायत से उमड़ता हुआ मैं परमेश्वर के जीवन को लेने के लिए अपने जीवन की क्षमता को बढ़ाता हूँ। मुझमें से जीवन उमड़ रहा है। मुझमें असीम जीवन है। मेरे पास वह जीवन है जो बहुतायत में बढ़ता जाता है। यह मेरे अंदर एक बाढ़ की तरह बढ़ता जाता है। स्वर्गीय जीवन मुझमें से और मेरे द्वारा एक नदी की तरह बह रहा है। वहां एक जीवन की नदी है, जो मुझ में से बह रही है। परमेश्वर का चमत्कारीय जीवन बचाने का जीवन, स्वर्गीय जीवन मुझमें है। यह मुझ में है। यह मुझ में वचन और आत्मा के द्वारा विकसित होता और बढ़ता जाता है।

हमारे पिता परमेश्वर ने अपना बहुमूल्य प्रेम का गुण, उपहार के रूप में हमें संतान कहने और मानने के द्वारा दिखाया। हम परमेश्वर के पुत्र के रूप में

संसार द्वारा पहचाने नहीं जा सकते क्योंकि संसार परमेश्वर को नहीं जानता । हम सत्य में इस समय में ‘परमेश्वर की संतान’ हैं। यह हम नहीं जानते कि जब यीशु आयेगा तो हम कैसे होंगे। परन्तु जब वह आयेगा हम उसकी तरह बनेंगे, क्योंकि हम उसे ठीक उसी प्रकार देखेंगे, जैसा वह है।

यह आशा हमें पवित्र रहने को उत्साहित करती है और यह भी कि हम ज्यादा यीशु की तरह बन सकें, उसकी पूरी पवित्रता में।

1यूहन्ना 3:1–3

हां पिता, जो आपने मेरे बारे में कहा है मैं उससे सहमत हूँ।

में कौन हूँ, मैं क्या हूँ,

और मैं बया कर सकता हूँ–आप में।

पुत्रत्व का लेख इंजील संदर्भ में से

| | |
|---|---|
| मत्ती 5:9 | गलातियों 4:5–7 |
| यूहन्ना 1:12 | इफिसियों 1:5 |
| रोमियों 8:14–17 | फिलिपियो 2:15 |
| रोमियों 8:19 | इब्रानियों 2:10 |
| रोमियों 9:26 | 1 यूहन्ना 3:12 |
| गलातियों 3:26 | प्रकाशितवाक्य 21:7 |

**शहर में इकट्ठे होने का उत्सव**

इस संगठन का कार्य मसीह की देह की सहायता करने पर केन्द्रित है। परिणाम–स्वरूप परमेश्वर के पुत्र का ज्ञान और उसके प्रकाशन को बढ़ाना है।